# सम्बल कॉलेज ऑफ एज्युकेशन, शिवसिंहपुरा, सीकर

# प्रतिवेदन

## प्रतिवेदन सत्र 2024–2025

- **प्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों का विवरण :–** बी.एड. पाठ्यक्रम के लिए राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद की अनुपालना करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में बी.एड. व बी.ए./बी.एससी. बी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा आयोजित PTET (प्रवेश परीक्षा) उतीर्ण करने वाले छात्र ही प्रवेश की पात्रता रखेंगे।

इस प्रकार उपरोक्त प्रवेश परीक्षा (PTET) को उर्तीण कर काउसलिंग प्रक्रिया द्वारा हमारे महाविद्यालय में बी.एड. में 199 व बी.ए./बी. एससी. बी.एड परीक्षा में कुल 86 छात्रों ने प्रवेश लिया। प्रवेश लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों का विवरण निम्न प्रकार है :–

**बी.एड.**

| इ.डब्ल्यू. एस. | | सामान्य | | एससी | | एसटी | | ओबीसी | | एसबी सी | | विकलांग | | कुल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | योग |
| 5 | 4 | 4 | 5 | 22 | 15 | 22 | 12 | 52 | 58 | 0 | 0 | 0 | 0 | 105 | 94 | 199 |

**बी.ए. बी.एड**

| इ.डब्ल्यू. एस. | | सामान्य | | एससी | | एसटी | | ओबीसी | | एसबी सी | | विकलांग | | कुल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | योग |
| 1 | 0 | 2 | 1 | 6 | 2 | 6 | 4 | 17 | 18 | 0 | 0 | 0 | 0 | 32 | 15 | 47 |

**बी.एससी. बी.एड**

| इ.डब्ल्यू. एस. | | सामान्य | | एससी | | एसटी | | ओबीसी | | एसबी सी | | विकलांग | | कुल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | योग |
| 1 | 0 | 1 | 1 | 4 | 1 | 12 | 3 | 4 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 22 | 7 | 29 |

महाविद्यालय प्रांगण में प्रतिदिन प्रार्थना स्थलीय कार्यक्रम से दिन का शुभारम्भ किया जाता है। प्रार्थना का प्रारम्भ सरस्वती मॉ की स्तुति से होता है। तत्पश्चात् विभिन्न प्रार्थनाएं, देशभक्ति गीत व राष्ट्रगान भी अनिवार्य रूप से करवाया जाता है। इसके अतिरिक्त समाचार वाचन, श्लोक, प्रेरणादायक प्रसंग आदि गतिविधियाँ भी करवायी जाती है ताकि प्रशिक्षणार्थियों में बोलने की रूचि बढे, अभ्यास हो और सुन्दर व विवेकशील वातावरण की सृष्टि की जा सके।

***सत्र शुभारंभ :–*** महाविद्यालय में सत्र 2024–25 का शुभारंभ दिनांक 02.09.2024 को किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. अनिष आर्य ने मॉ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम

का शुभारम्भ किया। बी.एड. द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों ने नवागन्तुक प्रशिक्षणार्थियों का तिलकार्जन कर स्वागतगान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्राचार्य महोदया ने विभिन्न गतिविधियों से प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराया। अन्त में सहा. आचार्य डॉ. सत्यवीर झाझड़िया द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

***अभिनव कार्यक्रम :–*** महाविद्यालय में दिनांक 02.09.2024 से 09.09.2024 तक अभिनव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी प्रवक्ताओं ने अपने शैक्षणिक विषयों व पाठ्यचर्या से प्रशिक्षणार्थियों को अवगत करवाया । इनमें मुख्यतः प्रार्थना सभा का महत्व, सूक्ष्म–शिक्षण पाठ योजना, इन्टर्नशिप, वन शाला शिविर, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, शिक्षक शिक्षा का बदलता स्वरूप NEP- 2020, शिक्षा का अधिकार, व्यवसायिक शिक्षा तथा शनिवारीय सभा आदि पर विस्तृत चर्चा की गई।

***प्रसार व्याख्यान :–*** महाविद्यालय की प्रसार गतिविधि समिति के सौजन्य से प्रसार व्याख्यान का समय समय पर महाविद्यालय परिसर में आयोजन करवाया गया है जो निम्नानुसार है।

महाविद्यालय में दिनांक 13.10.2023 को महाविद्यालय द्वारा ''शिक्षा में नवीन तकनीकी का क्रियान्वयन'' विषय पर प्रसार व्याख्यान का आयोजन किया जिसके मुख्य अतिथि वक्ता डॉ. उर्मिला यादव, व्याख्याता, विवेक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय कालवाड़, जयपुर रहें एवं कार्यक्रम के अन्त में प्राचार्या महोदया के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

महाविद्यालय के नियमानुसार अगला प्रसार व्याख्यान दिनांक 17.09.2024 को "सोलह संस्कार" पर प्रसार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वक्ता डॉ. प्रेमचन्द पाण्डे, प्राचार्य, पण्डित बद्रीप्रसार शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय, बांदीकुई, दौसा रहें। इन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को भारतीय परम्परा के सोलह संस्कारों के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किये एवं पाश्चात्य संस्कृति की ओर उन्मुख वर्तमान पीढ़ी को संस्कारों के महत्व से अवगत करवाया। अन्त में प्राचार्या महोदया के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

महाविद्यालय में अगला प्रसार व्याख्यान दिनांक 13.01.2025 को आयोजन किया गया। जिसका विषय "भारतीय ज्ञान परम्परा व संस्कृति NEP 2020 के सन्दर्भ में" में रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वक्ता डॉ. डी.पी. सिंह एवं डॉ. जे.पी. कड़वासरा रहे थे, इन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को सकारात्मक परिवर्तन को अपनाने व मूल्यों को संरक्षित करने की अपील की। अन्त में प्राचार्या महोदया ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

***शनिवारीय सभा :–*** महाविद्यालय की विस्तार कार्यक्रम समिति के सौजन्य से महाविद्यालय पचांग के अनुसार शनिवारीय सभा का महाविद्यालय परिसर में आयोजन करवाया जाता है जो निम्नानुसार है।–

महाविद्यालय में दिनांक 28.09.2024 को शनिवारीय सभा का आयोजन किया गया। जिसका विषय वाद–विवाद प्रतियोगिता रखा गया जिसमें प्रशिक्षणार्थियों ने डॉ. सत्यवीर सिंह झाझड़िया के निर्देशन में भाग लिया। तत्पश्चात् महाविद्यालयमें दिनांक 30.11.2024 को शनिवारीय सभा का आयोजन किया गया जिसका विषय निबन्ध प्रतियोगिता था इस प्रतियोगिता में सभी प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। इसके पश्चात् महाविद्यालय पचांग के अनुसार दिनांक 11. 04.2025 को शनिवारीय सभा का आयोजन किया गया जिसमें "दोहा प्रतियोगिता'' रखी गई। इस प्रतियोगिता में सभी प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया।

**शैक्षिक भ्रमण :–** महाविद्यालय में प्रशिक्षणार्थियों को किताबों के सैद्धान्तिक ज्ञान को प्रत्यक्ष दिखाकर व्यवहारिक अनुभव में बदलना, उनकी जिज्ञासा बढ़ाना और टीम वर्क जैसे सामाजिक कौशल विकसित करने हेतु 14–10–2024 से 19–1072024 तक शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया।

## जयंती :–

हमारे महाविद्यालय मे महान पुरूषों के जन्म दिवस को जयंती के रूप में मनाया जाता है। महान व्यक्तित्व होने के कारण उनके द्वारा बहुत से महान कृत्य सम्पन्न हुए है। वर्तमान पीढी उनके कार्यों से प्रेरित होकर अपने भविष्य को मार्गदर्शित कर सके। उन कृत्यों से नवीन विचारधारा व व्यवस्था का सृजन हो सके। समय–समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जाता है।

***शिक्षक दिवस :*** महाविद्यालय में दिनांक 5 सितम्बर 2024 को शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. मधु गढ़वाल ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्या ने शिक्षक की महत्ता पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षणार्थियों ने अपने शब्दों द्वारा गुरु महिमा से संबंधित विचार प्रस्तुत किये एवं रंगारंग प्रस्तुतियां दी। प्रशिक्षणार्थियों ने सभी व्याख्याताओं का सम्मान किया। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ. मधु गढ़वाल ने उपस्थित शिक्षकों व प्रशिक्षणार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

***स्वामी विवेकानन्द जयंती :–*** दिनांक 12.01.2025 को महाविद्यालय में स्वामी विवेकानन्द जयंती का आयोजन व्याख्याता राजेश कुमार बाजिया के नेतृत्व में हर्षोल्लास पूर्वक किया गया। जिसके अन्तर्गत प्रशिक्षणार्थियों ने स्वामीजी के प्रेरणास्पद जीवन पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के अन्त में अध्यक्ष महोदय ने स्वामीजी के शिकागों धर्म सम्मेलन के प्रसंग को ओजस्वी वाणी में अभिव्यक्त कर प्रशिक्षिणार्थियों से कुशल नागरिक बनने का आहवान कर कार्यक्रम का समापन किया।

***महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती –*** दिनांक 11–04–2025 को महाविद्यालय में महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती का आयोजन किया गया। इस आयोजन में डॉ. निशा मील के निर्देशन में प्रशिक्षणार्थियों ने ज्योतिबा फूले के जीवन पर प्रकाश डाला। संस्थान प्राचार्या डॉ. मधु गढ़वाल ने ज्योतिबा फूले के आदर्श विचारों को प्रत्येक प्रशिक्षार्थी को अनुकरण करने के लिए प्रोत्साहित किया। अन्त में श्रीमती विनोद महला ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## अन्य सहशैक्षणिक गतिविधियाँः–

***हिन्दी दिवस :–*** महाविद्यालय में दिनांक 14.09.2024 को महाविद्यालय में हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। प्रशिक्षार्थियों ने हिन्दी भाषा को राजभाषा बनाने के लिए अपने विचार प्रस्तुत किये। प्राचार्या महोदया ने 1947 से आज तक हिन्दी के प्रचार–प्रसार के लिए हुये प्रयासों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

***क्रिसमिस :–*** महाविद्यालय में दिनांक 25.12.2024 को क्रिसमिस डे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष श्रीमती मंजू चौधरी ने सास्कृतिक समन्वय को आवश्यक बताते हुए प्रशिक्षणार्थियों से अपील की की वे संकीर्ण विचारों से निकलकर विश्व के आदर्श महापुरूषों व अन्य संस्कृतियों से भी प्रेरणा ले।

***मुक्त वायु शिविर :–*** विश्वविद्यालय पाठ्यक्रमानुसार महाविद्यालय में दिनांक 05.05.2025 से 09.05.2025 तक मुक्त वायु शिविर कार्यक्रम संचालित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. कमलेश सैनी, विभागाध्यक्ष, कानोड़िया टी.टी. कॉलेज, मुकुन्दगढ़ के द्वारा की गई। इस समारोह में शिविरार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉ दी गई । शिविर के दौरान श्रमदान कार्यक्रम, योगाभ्यास, सांस्कृतिक गतिविधियाँ, शिक्षाविदों द्वारा प्रसार व्याख्यान, पर्यावरण जन चेतना रैली का आयोजन किया गया। शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. सुभाष चन्द्र सैनी, प्राचार्य, माँ भारती टी.टी. कॉलेज, डूण्डलोद ने अपने विचारों से प्रशिक्षणार्थियों को लाभान्वित किया। शिविर प्रभारी द्वारा शिविर के सफल आयोजन के लिये सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

**प्रमुख दिवसः–**

***महत्त्वपूर्ण दिवस :–*** भारतीय परिवेश मूल्य, संस्कृति आदि विविध सामाजिक पक्षो से अवगत कराने एवं इनके संरक्षण व संवर्धन के उद्देश्य से शिक्षा को व्यवहारिक एवं व्यापक सन्दर्भ में हस्तान्तरित करने के क्रम में महाविद्यालय द्वारा यथा समय विविध सांस्कृतिक एवं सामुदायिक गतिविधियों के साथ–साथ महत्त्वपूर्ण दिवसों एवं जयन्तियों का भी आयोजन किया जाता रहा है। इस क्रम में महाविद्यालय द्वारा गत वर्षों की भाँति इस सत्र में भी स्वतंत्रता दिवस, शिक्षक दिवस, विश्व साक्षरता दिवस, गाँधी जयन्ती, विज्ञान दिवस, गणतंत्र दिवस, पर्यावरण दिवस एवं महिला दिवस आदि मनाए गए।

**प्रायोगिक शैक्षणिक सम्बन्धी गतिविधियाँ :–**

***सूक्ष्म शिक्षण :–*** प0 दी0 उपा0 शेखावाटी विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमानुसार दैनिक पाठ योजना से पूर्व शिक्षण कौशलो के विकास हेतु एवं शिक्षा की गुणवत्ता के लिए बी.एड. प्रथम वर्ष व बी.ए.बी.एससी. बी.एड़. तृतीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों हेतु सूक्ष्म शिक्षण अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 07.11.2024 से 30.11.2024 तक करके आन्तरिक प्रायोगिक कार्य सम्पन्न करवाया गया। बी. एड. द्वितीय वर्ष व बी.ए.बी.एससी. बी.एड़. चतुर्थ वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों हेतु सूक्ष्म शिक्षण अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 21.04.2025 से 20.05.2025 तक करके आन्तरिक प्रायोगिक कार्य सम्पन्न करवाया गया।

***इन्टर्नशिप :–*** बी.ए./बी.एससी. बी.एड चतुर्थ वर्ष एवं बी.एड. द्वितीय वर्ष के समस्त प्रशिक्षणार्थियों को दिनांक 21.10.2024 को 16 सप्ताह के लिए राजकीय विद्यालयों में इन्टर्नशिप के लिए कार्यमुक्त किया गया और बी.एड प्रथम वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों को दिनांक 15.01.2025 से राजकीय विद्यालय के लिए इन्टर्नशिप हेतु कार्यमुक्त किया गया। बी.ए./बी.एससी. बी.एड तृतीय वर्ष को इन्टर्नशिप हेतु दिनांक 12–03–2025 को राजकीय विद्यालयों में इन्टर्नशिप के लिए महाविद्यालय से कार्यमुक्त किया गया।

***दैनिक पाठ योजना–*** प्रशिक्षणार्थियों में कौशल विकास हेतु एवं शिक्षण में दक्षता के लिए दैनिक पाठ योजना का आयोजन बी.एड़. प्रथम वर्ष व बी.ए.बी.एससी. बी.एड. तृतीय वर्ष के लिए दिनांक 07–11–2024 से 30–11–2024 तक किया गया। बी.एड़ द्वितीय वर्ष व बी.ए.,बी.एससी. बी.एड़. चतुर्थ वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों के लिए दैनिक पाठ योजना अभ्यास कार्यक्रम दिनांक 21–04–2025 से 20–05–2025 तक सम्पन्न करवाया गया।

***समालोचना पाठ –*** प्रशिक्षणार्थियों में विश्लेषणात्मक शिक्षण योजना सहपाठियों और शिक्षकों द्वारा शिक्षण प्रक्रिया की समीक्षा हेतु पाठ योजना का आयोजन बी.एड़ द्वितीय वर्ष तथा बी.ए., बी.एससी. बी.एड़. तृतीय व चतुर्थ वर्ष के प्रशिक्षार्थियों का दिनांक 02–05–2025 से प्रारम्भ किया गया तथा बी.एड. सेमेस्टर द्वितीय के प्रशिक्षार्थियों का समालोचना पाठ दिनांक 10–07–2025 को सम्पन्न करवाया गया।

***आन्तरिक मूल्याकंन परीक्षा :–*** महाविद्यालय के बी.एड़ प्रथम सेमेस्टर व बी.ए.,बी.एससी. बी.एड़. के प्रथम सेमेस्टर के प्रशिक्षणार्थियों की आन्तरिक मूल्याकंन परीक्षा दिनांक 06.01.2025 से 10.01.2025 तक महाविद्यालय द्वारा आयोजित करवाई गई। बी.एड़ द्वितीय वर्ष व बी.ए.,बी. एससी. बी.एड़. चतुर्थ वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों की आन्तरिक परीक्षा दिनांक 21–05–2025 से महाविद्यालय द्वारा प्रारम्भ करवाई गयी।

***वार्षिक परीक्षा :–***

1. बी.एड. प्रथम सेमेस्टर और बी.ए./बी.एससी. बी.एड. प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा दिनांक 10.03. 2025 से विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित करवायी गई।
2. बी.एड़. द्वितीय वर्ष व बी.ए./बी.एससी. बी.एड. द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ वर्ष की वार्षिक परीक्षा दिनांक 30.06.2025 से विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित करवायी गई।

- **गत वर्ष का परीक्षा परिणाम :–**

  **बी.एड. द्वितीय वर्ष**

| Division | | Boys | | | | | | Girls | | | | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Gen | EWS | OBC | SC | ST | Total | Gen | EWS | OBC | SC | ST | Total | |
| 1st | 4 | 5 | 56 | 18 | 17 | 100 | 9 | 4 | 49 | 11 | 9 | 82 | 182 |
| 2nd | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3rd | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| Fail | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | Grand Total | | | | | | | | | | | 182 |

*1st Rank - MANJU BAKOLIYA*

*2nd Rank -RAJESH KUMAR*

*3rd Rank - SHILPA SINGH*

- बी.एससी. बी. एड. चतुर्थ वर्ष

| Division | | Boys | | | | | Girls | | | | | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Gen | EWS | OBC | SC | ST | Total | Gen | EWS | OBC | SC | ST | Total | |
| 1st | 3 | 1 | 20 | 4 | 5 | 33 | 1 | 0 | 11 | 0 | 3 | 15 | 48 |
| 2nd | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3rd | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| Fail | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | **Grand Total** | | | | | | | | | | | **48** |

*1st Rank - RENUKA*

*2nd Rank -PAYAL SAINI*

*3rd Rank - LEENA DENDOR*

- बी. ए. बी. एड़ चतुर्थ वर्ष

| Division | | Boys | | | | | Girls | | | | | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Gen | EWS | OBC | SC | ST | Total | Gen | EWS | OBC | SC | ST | Total | |
| 1st | 0 | 0 | 16 | 9 | 5 | 30 | 1 | 1 | 4 | 0 | 1 | 7 | 37 |
| 2nd | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3rd | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| Fail | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | **Grand Total** | | | | | | | | | | | **37** |

*1st Rank - ASHA KANWAR*

*2nd Rank -CHOUKHA RAM*

*3rd Rank - KANA RAM*